# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 22.09.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

<u>मुख्य समाचार :–</u>

1. राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने जौनपुर में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को किया सम्बोधित : कहा– विश्वविद्यालयों में शोध और रोजगारपरक पाठ्यक्रमों पर हो विशेष ध्यान।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हरियाणा में चुनाव प्रचार के दौरान गिनाईं उत्तर प्रदेश सरकार की उपलब्धियां : कहा साढ़े सात साल में दंगा नहीं सिर्फ विकास।
3. प्रदेश भर में स्वच्छता पखवाड़े के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन : नगर विकास मंत्री ए. के. शर्मा ने मऊ में लोगों को दिलाई स्वच्छता की शपथ।

**और**

4. कानपुर देहात में गद्दा बनाने की फैक्ट्री में लगी आग में छह लोगों की मौत : मुकदमा दर्ज, दो लोग गिरफ्तार।

---

राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने शिक्षा को रोजगार से जोड़ने पर बल दिया है। श्रीमती पटेल आज जौनपुर के वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के 28वें दीक्षांत समारोह को सम्बोधित कर रहीं थीं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय को रोजगारपरक पाठ्यक्रम शुरू करने चाहिए ताकि विद्यार्थियों को बेहतर रोजगार मिल सकें। श्रीमती पटेल ने कहा कि विश्वविद्यालयों और शैक्षिक संस्थानों में शोध कार्यों पर विशेष ध्यान दिया जाना भी जरूरी है।

इस अवसर पर राज्यपाल ने वन नेशन–वन इलेक्शन का जिक्र करते हुए कहा कि इससे देश की प्रगति का एक नया आयाम खुलेगा। श्रीमती पटेल ने कहा लोकसभा, विधानसभा और स्थानीय निकाय चुनाव अलग–अलग कराये जाने से बार–बार आचार संहिता लागू होने की वजह से विकास कार्यों पर असर पड़ता है। समारोह में राज्यपाल ने विद्यार्थियों को मेडल और उपाधियां प्रदान कीं। इस दौरान प्रदेश के उच्चशिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय और राज्यमंत्री रजनी तिवारी भी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दावा किया है कि हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। श्री योगी ने आज सोनीपत और जींद जिलों में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में लोगों से वोट देने की अपील

करते हुए कहा कि कांग्रेस, आप, इंडियन नेशनल लोकदल के पास आम नागरिक, महिला, किसान और ग्रामीणों के कल्याण के लिये कोई एजेंडा नहीं है। इनकी राजनीति का उद्देश्य सिर्फ बांटो और राज्य करो की नीति है। जबकि भाजपा राष्ट्र को एक सूत्र में पिरो कर विकसित भारत की दिशा में अग्रसर है। उत्तर प्रदेश का जिक्र करते हुए श्री योगी ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने राज्य में विकास को नये आयाम दिये हैं। उन्होंने कहा पिछले सात वर्षों के दौरान प्रदेश को दंगा मुक्त बनाया गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के शासनकाल में माफियाओं, दंगाइयों और समाज को बांटने वाली शक्तियों के लिए कोई जगह नहीं है।

—————————

प्रदेश के नगर विकास और ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा आज मऊ जिले में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आयोजित स्वच्छता कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने जिस स्वच्छ भारत का सपना देखा था, उसमें सिर्फ राजनीतिक आजादी ही नहीं, बल्कि एक स्वच्छ और विकसित देश की कल्पना भी शामिल थी। श्री शर्मा ने लोगों से गंदगी के प्रति सजग रहने और देश को साफ–सुथरा और विकसित बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में श्री शर्मा ने लोगों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई।

उधर, स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के क्रम में अमरोहा में नगर पालिका परिषद द्वारा गांधी मूर्ति पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी और नगरपालिका परिषद के अधिशासो अधिकारी ने संयुक्त रूप से सफाई वाहनों की स्वच्छता जागरूकता रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। वहीं पालिका परिषद में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का भी आयोजन किया गया।

———————

प्रदेश के चयनित कुशल निर्माण श्रमिकों को एक लाख सैंतीस हजार पांच सौ रुपये के वेतनमान पर दो वर्षों के लिए इजराइल में रोजगार मिलेगा। इससे संबंधित सभी विवरण सेवायोजन विभाग के पोर्टल रोजगार संगम डॉट यूपी डॉट जीओवी डॉट इन पर उपलब्ध हैं। व्यावसायिक शिक्षा कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा है कि इजराइल के साथ इस संबंध में हुआ समझौता कुशल निर्माण श्रमिकों को अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर अपनी योग्यता साबित करने का सुनहरा मौका देगा।

———————

नरेन्द्र मोदी सरकार ने अपने तीसरे कार्यकाल के सौ दिन पूरे कर लिये हैं। इस दौरान, सरकार ने देश के मध्यम वर्ग के सशक्तिकरण और उनके जीवन को आसान बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। सरकार के इन फैसलों की हर तरफ सराहना हो रही है। इस क्रम में हापुड़ जिले

की समाज सेविका मुर्शरफ चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा जो योजनाएं चलाई गई ह, उससे सभी वर्गों को लाभ मिल रहा है। बाइट...

*प्रधानमंत्री के ये जो 100 दिन पूरे हुए है, तो इसमें मुझे बताते हुए बहुत हर्ष हो रहा है कि जनहित में हुई योजनायें प्रधानमंत्री जी की जो चल रही है उससे गरीब लोगों को भी फायदा है। उद्योगपतियों को भी फायदा है, प्लस जो राशन फ्री बांटा जा रहा है उसके बिल्कुल निचले दर्जे की जो गरीब है उनको घर बैठे अनाज मिल रहा है और ये आयुष्मान जिनका प्रोग्राम चल रहा है उससे 70 वर्ष के लोगों को बुढ़ापे में एक खुशी की लहर आई है चलो अगर हम बीमार हो गये, तो हमारा पांच लाख रुपये तक का फ्री इलाज हो सकता है।*

इस बीच सरकार ने एक सौ दिन की पहल के अंतर्गत गवर्नमेंट ई मार्केटप्लेस–जीईएम ने अपने प्लेटफार्म पर विक्रेताओं और सेवा प्रदाताओं के लेन–देन शुल्क में कटौती की है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने कहा कि जीईएम प्लेटफार्म पर लेन–देन शुल्क लगभग 33 प्रतिशत कम कर दिया गया है जिससे विक्रेताओं को लाभ होगा और वे ज्यादा प्रतिस्पर्धी बन सकेंगे।

————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक

समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

---

कानपुर देहात जिले के रनिया औद्योगिक क्षेत्र में कल एक गद्दा फैक्टरी में लगी भीषण आग में छह मजदूरों की मौत हो गई और अन्य चार गंभीर रूप से झुलस गए हैं। मामले में पुलिस ने फैक्टरी के मालिकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दो अभियुक्तों को गिफ्तार भी कर लिया है। कानपुर देहात के पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गंभीर रूप से झुलसे लोगों को लखनऊ के एसजीपीजीआई में उपचार के लिये भर्ती कराया गया है।

---

बांदा जिले में कुंए में गिरी चप्पल को निकालने के प्रयास में तीन युवकों की मौत हो गई। मौत की वजह कुंए से निकली जहरीली गैस से दम घुटना बताया जा रहा है। हादसा जिले के पिसंडा थाना क्षेत्र के बड़ा गांव में हुआ। सूचना मिलने पर पुलिस ने युवकों को कुंए से बाहर निकाला।

---

कानपुर के प्रेमपुर रेलवे ट्रैक पर आज सुबह पांच लीटर का एक खाली गैस सिलंडर मिला जिसे सुरक्षा बलों सहित अन्य टीमों ने जांच कर ट्रैक से हटा दिया है। इस

बारे में उत्तर मध्य रेलवे के CPRO शशिकांत त्रिपाठी ने बताया–

बाइट.....

*प्रेमपुर रेलवे स्टेशन के पास हमारी एक गुड्स ट्रेन क्योंकि लूप लाइन में रिसीव हो रही थी। गुड्स ट्रेन के लोको पायलट ने यह रिपोर्ट किया कि उसमें एक घरेलू सिलेण्डर होता है वो कुछ दूरी से दिखायी पड़ा और उसने बहुत ही सजगता का परिचय देते हुए अपनी गाड़ी को तुरंत ही इमरजेंसी ब्रेक अप्लाई करके कंट्रोल कर लिया, इसके पश्चात उसने कंट्रोल को एवं संबंधित अधिकारियों को सूचित किया, जिसके पश्चात हमारी जो सिक्योरिटी विंग है वहां पर पहुंची उन्होंने उस सिलेंडर को वहां से हटाके कब्जे में कर लिया, इसके कारण कोई भी रेलवे मूमेंट बाधित नहीं हुआ, रेलवे का संचालन सुरक्ष्ज्ञित, संरक्षित रूप से चलाया जा रहा है। इस मामले में तुरंत ही जांच प्रक्रिया चालू कर दी गई है। इसमें जो भी दोषी पाए जायेंगे उनके विरूद्ध संबंधित धाराओं में मामला दर्ज करके उचित कार्रवाई की जायेगी।*

————————

फैजाबाद लोकसभा सीट से सपा सांसद अवधश प्रसाद के बेटे और मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में समाजवादी पार्टी के संभावित प्रत्याशी अजीत प्रसाद के खिलाफ मारपीट और एक युवक का अपहरण करने और जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया गया ह। यह मामला जमीन की खरीद फरोख्त से जुड़ा हुआ है।

इस बीच सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने अपने पुत्र पर लगे आरोप को निराधार बताते हुए घटना का पूरी तरह से खंडन किया है।

————————

जौनपुर जिले के शाहगंज जंक्शन पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य शुरू हो गया है, जिसकी वजह से आज से दस ट्रेनें चौदह दिनों के लिए रद्द कर दी गई हैं, जिसमें वाराणसी–बहराइच इंटरसिटी एक्सप्रेस भी शामिल है। वहीं चार ट्रेनों के रुट में परिवर्तन किया गया है। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के सीनियर डीसीएम कुलदीप तिवारी ने बताया कि लखनऊ मंडल के शाहगंज जंक्शन पर नॉन इंटरलॉकिंग और बाराबंकी–अयोध्या अयोध्या कैंट–अकबरपुर, जफराबाद सेक्शन पर यार्ड रीमॉडलिंग का कार्य दो से पांच अक्टूबर तक किया जाएगा।

——————————